मंगलवार
28 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



2024 तक यूपी की सड़कें अमेरिका जैसी होंगी: गड़करी 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# वो दिन दूर नहीं जब देशवासी मेड इन इंडिया वाले विमान में सफर करेंगे: मोदी

**एजेंसी/बेलगावी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को कर्नाटक के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने यहां सबसे पहले शिवमोगा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। पीएम ने यहां मंच पर मौजूद कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान पीएम ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि शिवमोगा सिर्फ एयरपोर्ट नहीं है बल्कि इस क्षेत्र के जवानों के सपनों की नई उड़ान का अभियान है। उन्होंने कहा कि कोई गाड़ी हो या सरकार... डबल इंजन लगता है तो उसकी स्पीड कई गुना बढ़ जाती है। पहले जब कर्नाटक के विकास की चर्चा होती थी तो ये बड़े शहरों तक ही सीमित रहती थी लेकिन हमारी सरकार विकास को कर्नाटक के गांवों तक... टियर-2 और टियर-3 शहरों तक पहुंचाने का काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस के राज में 'एयर इंडिया' की पहचान घोटालों के लिए होती थी। घाटे वाले बिजनेस मॉडल के रूप में होती थी लेकिन आज 'एअर इंडिया' भारत के नए सामर्थ्य के रूप में विश्व में नई ऊंचाई, नई उड़ान भर रहा है। आज भारत के एविएशन सेक्टर का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। वो दिन दूर नहीं जब भारत के नागरिक 'मेड इन इंडिया' वाले विमान में सफर करेंगे। उन्होंने कहा कि



भारत के विमानन बाजार के तेजी से बढ़ने के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि 'हवाई चप्पल' पहनने वालों को 'हवाई जहाज' में सफर करना चाहिए और मैं इसे होते हुए देख रहा हूं। पीएम ने कहा, छोटे शहर भी हवाई कनेक्टिविटी से जुड़ें, ऐसी सोच कांग्रेस की थी ही नहीं। आज देश के अनेक छोटे शहरों के पास आधुनिक हवाई अड्डे हैं। आप कल्पना कर सकते हैं कि भाजपा सरकार के काम करने की रफ़्तार क्या है। अच्छी कनेक्टिविटी से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर इस पूरे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर बनाने जा रहा है।

## 2500 करोड़ रुपये की जल आपूर्ति परियोजनाओं का उद्घाटन

पीएम ने इसके बाद बेलगावी जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत 2,500 करोड़ रुपये से अधिक की जल आपूर्ति परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिससे दोनों जिलों के 13 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने बेलगावी में रोड शो भी किया। इसके साथ उन्होंने 2,700 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बहु-विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पुनर्विकसित बेलगावी रेलवे स्टेशन भवन को राष्ट्र को समर्पित किया। पीएम मोदी ने आगे कहा, कांग्रेस कर्नाटक का अपमान करती है। कर्नाटक के नेताओं का कांग्रेस अपमान करती है। इतनी बड़ी रकम पल भर में ट्रांसफर हुई और कोई बिचौलिया नहीं, कोई कट-कमीशन नहीं, कोई करप्शन नहीं। कांग्रेस ने अगर 16 हजार करोड़ रुपये का सोचा होता तो 12-13 हजार करोड़ रुपया कहीं गायब हो गया होता, लेकिन ये मोदी की सरकार है, पाई-पाई आपकी है। आपके लिए है। उन्होंने कहा, बेलगावी की धरती पर आना किसी तीर्थयात्रा से कम नहीं है।

## धूप में छतरी का सौभाग्य खड़गे जी को नसीब नहीं हुआ

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खरगे का अपमान किया है। कहा, अभी कांग्रेस का अधिवेशन चल रहा था। वो सबसे सीनियर हैं। धूप थी, लेकिन धूप में छतरी का सौभाग्य खड़गे जी को नसीब नहीं हुआ। छाता किसी और के लिए लगा था। ये देख कर जनता समझ रही है कि रिमोट कंट्रोल किसके हाथ में है।

**छोटे किसान बीजेपी सरकार की प्राथमिकता**

पीएम ने कहा, हमारे देश में दशकों तक छोटे किसानों को नजरअंदाज किया गया, अब यही छोटे किसान बीजेपी सरकार की प्राथमिकता में हैं। इन छोटे किसानों के खातों में अब तक 2.5 लाख करोड़ रुपया जमा किया जा चुका है और इसमें भी 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा पैसे हमारी किसानी करने वाली माता-बहनों के खाते में जमा हुए हैं। कर्नाटक के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा, बीते वर्षों से हम कर्नाटक की कनेक्टिविटी पर बहुत अधिक फोकस कर रहे हैं। इस समय कर्नाटक में रेलवे के 45 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। आप सोच सकते हैं कि इससे कितने लोगों को रोजगार मिला है।

## पीएम किसान सम्मान निधि की 13वीं किस्त मोदी ने जारी की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेलगावी से पीएम किसान सम्मान निधि की 13वीं किस्त जारी कर दी। इसके तहत आठ करोड़ से अधिक लाभार्थियों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए 16,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि ट्रांसफर की गई। इस योजना के तहत लाभार्थी परिवारों को 2,000 रुपये की तीन समान किस्तों के जरिए प्रति वर्ष 6,000 रुपये दिए जाते हैं। इस योजना की शुरूआत साल 2019 में की गई थी और इसके तहत अब तक, 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि वितरित की गई है। इसमें अधिकांश छोटे और सीमांत किसान शामिल हैं।

**खाते में पैसा नहीं आया तो करें शिकायत:** अगर आपके खाते में पीएम किसान का पैसा नहीं आया है तो आप हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। पीएम किसान का हेल्पलाइन नंबर 155261 है। इसके अलावा पीएम किसान टोल फ्री नंबर 18001155266 और पीएम किसान लैंडलाइन नंबर 011-23381092, 011-24300606 पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

**विधानसभा का बजट सत्र: वित्त मंत्री ने बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 को पेश किया**

# बिहार की विकास दर राष्ट्रीय औसत से बेहतर : विजय चौधरी

**केटी न्यूज/पटना**

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के अभिभाषण के साथ आज से बिहार विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत हुई। राज्यपाल अपने अभिभाषण में बिहार सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार निरंतर काम कर रही है। इस पर बीजेपी विधायकों ने ये कहते हुए हंगामा शुरू कर दिया कि स्कूलों में शिक्षक और बिल्डिंग नहीं है। इस पर राजद ने जवाब दिया कि अडानी से मांग लीजिए। एमएलसी मुन्नी देवी ने कहा जाइए मोदी के सामने कटोरा लेकर भीख मांगिए। सदन में जय भीम के नारे भी लगे। बीजेपी विधायक भागीरथी देवी और आरजेडी एमएलए रेखा देवी में तू तू मैं मैं हुई। भागीरथी देवी ने कहा कि वो भाजपा को अटर पटर बोल रही थी। वित्त मंत्री विजय चौधरी ने बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 को सदन पटल पर रखा। विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित हो गई।

बिहार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सोमवार को विधानसभा में बिहार आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसमें उन्होने कहा कि राज्य ने विकास दर के मामले में वित्त वर्ष 2021-22 में 10.98 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो 8.68 प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। कहा, बिहार की अर्थव्यवस्था ने 2021-22 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के रूप में स्थिर कीमतों पर 10.98 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है जबकि इसी अवधि में राष्ट्रीय विकास दर 8.68 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा, बिहार की अर्थव्यवस्था भारत में



सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। आंध्र प्रदेश (11.4 प्रतिशत) और राजस्थान (11.04 प्रतिशत) के बाद बिहार की 10.98 प्रतिशत की वृद्धि देश के शीर्ष पांच सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में तीसरे स्थान पर है। चौधरी ने कहा कि बिहार ने 2021-22 के दौरान आधारभूत संरचना क्षेत्र में सबसे अधिक 20.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा, प्राथमिक क्षेत्र में जीएसडीपी वृद्धि में दो सबसे महत्वपूर्ण योगदान पशुधन एवं मत्स्य पालन तथा कृषि क्षेत्र का रहा है जिनमें क्रमशः 9.5 और 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वैसे खनन एवं उत्खनन में भी नौ प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर दर्ज की गई है, पर इसका आकार बहुत छोटा है।

चौधरी ने कहा कि द्वितीयक क्षेत्र में बिजली, गैस, जल-आपूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं (ईजीडब्ल्यूयूएस) 14.5 प्रतिशत की उच्च दर से बढ़ रही थीं। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक, तृतीयक क्षेत्र में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्र वायु परिवहन (10.5 प्रतिशत), भंडारण (21.3 प्रतिशत), वित्तीय सेवाएं (12.6 प्रतिशत) और लोक प्रशासन (9.3 प्रतिशत) रहे।आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 में राज्य सरकार का कुल व्यय 1.93 लाख करोड़ रुपये था। इसमें से 1.59 लाख करोड़ (82.4 प्रतिशत) रुपये राजस्व व्यय हुआ।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 2020-21 में प्रति व्यक्ति जीएसडीपी के लिए राज्य के सभी 38 जिलों में तीन सबसे समृद्ध जिले पटना (1,15,239 रुपये), बेगूसराय (45,497 रुपये) और मुंगेर (42,793 रुपये) रहे। सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों (2017-18 से 2021-22) के दौरान कृषि और संबद्ध क्षेत्र लगभग पांच प्रतिशत की दर से बढ़ा।

## तेजस्वी ने चेताया... मेरे सीएम बनने को लेकर बयानबाजी न करें

**पटना।** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक हुई। सेंट्रल हॉल में ये बैठक की गई। इसमें नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी ने सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विधायकों को विधानसभा में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उनको संयम बरतने की सलाह दी। साथ ही आरजेडी विधायकों को कहा कि मुझे मुख्यमंत्री बनाने को लेकर बयानबाजी न करें। नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार अच्छी चल रही है। वहीं जीतन मांझी ने कहा कि नीतीश जहां रहेंगे हम वहां रहेंगे। कहीं भी इधर उधर हम नहीं जा रहे हैं।

## बिहार विधान परिषद के पांच सीटों पर 31 मार्च को चुनाव

**पटना।** बिहार विधान परिषद के पांच सीटों पर 31 मार्च को चुनाव होगा। इसे लेकर सोमवार को अधिसूचना भी जारी हो गई है। चार विधान परिषदों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। एक एमएलसी का निधन हो चुका है, जिसका उपचुनाव होगा। जिन विधान परिषदों का कार्यकाल पूरा हो रहा है, इसमें साधना स्नातक क्षेत्र से वीरेंद्र नारायण यादव, गया शिक्षक क्षेत्र से संजीव श्याम सिंह और कोसी शिक्षक क्षेत्र से संजीव कुमार सिंह, सारण शिक्षक क्षेत्र में आता है वहां उपचुनाव होंगे. सीट केदारनाथ पांडे के निधन के बाद यह खाली हुई है।

# विधानसभा एक्जिट पोल: त्रिपुरा, नगालैंड में बीजेपी की जीत, मेघालय में अस्पष्ट जनादेश

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पूर्वोत्तर भारत के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम 2 मार्च को घोषित किए जाएंगे। अलग-अलग मीडिया हाउस की ओर से कराए गए एक्जिट पोल में चुनावी नतीजों के रुझान सामने आ गए हैं।

त्रिपुरा में एक ही चरण में 16 फरवरी को मतदान करवाया गया था, जबकि मेघालय और नागालैंड में 27 फरवरी को मतदान हुआ। त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को लेकर आए एक्जिट पोल में भी वहां बीजेपी की सरकार फिर से बनती हुई दिख रही है। एक्जिट पोल के नतीजों में त्रिपुरा में बीजेपी को 45 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं। राज्य में विधानसभा की कुल 60 सीटें हैं। विभिन्न एक्जिट पोल के औसत के आधार पर पोल ऑफ एक्जिट पोल में त्रिपुरा में बीजेपी को 31, लेफ्ट फ्रंट को 15 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस को एक भी सीट हासिल नहीं होने का अनुमान है। नगालैंड चुनाव के एक्जिट पोल में बीजेपी-एनडीपीपी गठबंधन को विधानसभा की कुल 60 सीटों में से 42, कांग्रेस को 1 और एनपीएफ को 6 सीटें मिलने का अनुमान है। मेघालय विधानसभा चुनाव को लेकर पोल ऑफ एक्जिट पोल में कुल 60 सीटों में से बीजेपी को 6 सीटें, कांग्रेस को 6 सीटें और एनपीपी को 20 सीटें हासिल होने का अनुमान है।




**लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बिहार सरकार को बिजली के मुद्दे पर घेरा**

# हमारी सरकार बनी तो देंगे सस्ती बिजली : चिराग

**केटी न्यूज/पटना**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जमुई सांसद ने सोमवार को पटना में प्रेंस कान्फ्रेंस कर राज्य सरकार को बिजली के मुद्दे पर घेरा। साथ ही ऐलान किया कि राज्य में 'बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट' की सरकार बनी तो यहां की जनता को सस्ती बिजली मिलेगी। महंगी बिजली से उन्हें छुटकारा मिलेगा।

साथ ही गरीब तबके के लोगों को एक तय यूनिट तक बिजली पूरी तरह से फ्री मिलेगी। इस बात को चिराग पासवान ने दूसरी बार सबके सामने रखा है। उन्होंने कहा कि आर्थिक तौर पर कमजोर वर्ग को सहुलियत देने का लक्ष्य



होगा। यह काम बिहार सरकार को करना चाहिए था। मगर, राज्य सरकार लोगों का हक मार रही है। जब लोग टैक्स दे रहे हैं तो वो सुविधाओं की भी अपेक्षा करते हैं।

चिराग ने पूछा कि क्या आपके मंत्री और विधायक को सुविधाएं नहीं मिलती है? वही सुविधा जनता को देने में क्या परेशानी है? जब आम जनता के हक की बात होती है तो मुख्यमंत्री कहते हैं कि कुछ लोग मुफ्त बिजली की बात करता है। चिराग पासवान ने कहा कि इस काम को मुख्यमंत्री नहीं करेंगे तो पिछले विधानसभा चुनाव में जनता ने उन्हें तीसरे नंबर की पार्टी बनाई थी, पर इस बार उनका खाता भी नहीं खुलेगा। चिराग ने कहा कि 2016 से जिस संस्थान में भी एससी-एसटी के छात्र पढ़ाई करने जाते थे, संस्थान की जितनी भी फीस होती थी, उसे सरकार दे दिया करती थी। मगर, इस योजना में बिहार सरकार ने 2016 में पहली बार फेरबदल की थी।जिसका तब से विरोध हो रहा है। फेरबदल के बाद प्राइवेट संस्था में जो पढ़ेंगे उन्हें 15 हजार या जो सरकरी सस्थान में पढ़ेंगे, उन्हें 70 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। जिन संस्थानों की फीस हाई है, वहां की फीस अब छात्रों को भरनी पड़ रही है। 2015-16 में जहां 1 लाख 55 हजार एससी-एसटी छात्रों ने स्कॉलरशिप लिया था, वहीं 2016-17 में यह संख्या घट कर 37372 रह गई। हर साल यह संख्या गिरती चली गई। क्योंकि, फीस की मोटी रकम छात्र नहीं दे पा रहे हैं। इनके हक के रुपयों का इस्तेमाल सरकर दूसरे जगहों पर कर रही है। कैग की रिपोर्ट में इस बात का जिक्र है। चिराग ने घोषणा की कि रउ-रळ छात्रों को उनका हक नहीं मिला तो उनकी पार्टी आने वाले दिनों में पूरे बिहार में प्रदर्शन करेगी।

## खबरें फटाफट

### समाहरणालय के पास मिला शव

**सासाराम।** जिला मुख्यालय के सामाहरणालय स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा के पास लावारिस लाश मिलने से भड़के लोगों ने पुरानी जीटी रोड को जाम कर दिया। मौके पर जुटे लोगों ने बाबा साहेब का अपमान बता ठीक समाहरणालय गेट के सामने प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोश इतना ज्यादा था कि समाहरणालय का गेट बंद कर दिया गया। उग्र प्रदर्शनकारी मौके पर उच्च अधिकारियों को बुलाने एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। बताते हैं कि प्रतिमा के नीचे एक लावारिस व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। दुकानदारों का कहना है कि लाश यहां 24 घंटे से ज्यादा हो गया है लेकिन ना जिला प्रशासन ने इसे हटाया, ना ही नगर निगम ने। जबकि निगम कार्यालय भी समाहरणालय के बगल में ही है।

### स्कार्पियो की चपेट में आने से किशोर जख्मी

**आरा।** जिले के शाहपुर गांव के पास आरा-बक्सर हाईवे पर रविवार की शाम स्कॉर्पियो ने पैदल जा रहे एक किशोर को टक्कर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी किशोर शाहपुर गांव निवासी मोहन साहब का 14 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार है। परिजनों ने बताया कि रविवार की शाम वह बाल कटवाने के लिए शाहपुर बाजार स्थित सैलून में गया था। वह बाल कटा कर वापस पैदल घर लौट रहा था। उसी दौरान शाहपुर गांव के समीप पीछे से आ रही है स्कॉर्पियो ने उसे ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गया। धरना शुरू होने के बाद भी नगर निगम प्रशासन एवं जिला प्रशासन में एक-दूसरे को टाल-मटोल की स्थिति देखी गई। हालांकि विभागों की कार्रवाई ने मानवता को शर्मसार कर दिया।

# मच्छरों से बचाव के लिए पंचायत में चलाया जाएगा विशेष अभियान: मुखिया

- नावानगर प्रखंड के मणिया में कालाजार को ले लोगों को किया गया जागरूक

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में कालाजार उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग तत्पर है। जिसके तहत उन्मूलन कार्यक्रम के साथ-साथ जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इस क्रम में सोमवार को जिले के नावानगर प्रखंड स्थित मणिया गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य कर्मियों ने जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीण चिकित्सक और लोगों को कालाजार व फाइलेरिया से संबंधित जानकारी दी। उन्हें इन बीमारियों के लक्षणों की पहचान, इलाज व सेवाओं की जानकारी दी गई।

वीबीडीएस उपेंद्र पांडेय ने ग्रामीणों को बताया कि कालाजार और फाइलेरिया दोनों वेक्टर जनित रोग हैं। जो क्रमशः बालू मक्खी और मच्छर के काटने से होता है। इसलिए जरूरी है, गांव के लोग अपने आसपास के इलाकों को साफ और स्वच्छ रखें। जिससे मच्छरों और बालू मक्खियों के प्रकोप से बचा जा सके। बताया कि कालाजार के इलाज में सबसे जरूरी है, बीमारी के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान। जिसके बाद उसकी जांच और इलाज की प्रक्रिया शुरू की जाती है। ऐसे में सबसे जरूरी बात है कालाजार के कारणों का पता होना। इस दौरान मणिया पंचायत की मुखिया फूलझारी देवी, उप मुखिया जय शंकर सिंह, वार्ड मेंबर यमुना प्रसाद सिंह, केयर इंडिया के वीएल बीसी अविनाश झा, ग्रामीण चिकित्सकों में अखिलेश लाल, हरिहर प्रसाद, सिंटू समेत स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।



### कालाजार के प्रकोप से लोगों को बचाना जरूरी

मणिया पंचायत की मुखिया फूलझारी देवी ने कहा, गांव में पहले एक बार कालाजार का प्रकोप आ चुका है। जिसके बाद लोग खौफजदा हो उठे थे। लेकिन, स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों और कार्यों की बदौलत आज लोग लोग काफी जागरूक हुए हैं। हालांकि, फिलहाल यह नहीं कहा जा सकता कि भविष्य में कालाजार का प्रकोप फिर से नहीं आएगा। अब पंचायत स्तर पर ही लोगों को जागरूक होना होगा। कालाजार के प्रकोप से लोगों को बचाना जरूरी है। इसके लिए पंचायत समिति के द्वारा भी विशेष कार्य किया जाएगा। बालू मक्खी और मच्छरों से बचाव के लिए पंचायत में विशेष अभियान चलाया जाएगा। ताकि, लोगों को इन बीमारियों से बचाया जा सके।

**लक्षण दिखने पर जांच कराना आवश्यक :** वीएल बीसी अविनाश झा ने बताया, किसी व्यक्ति को 15 दिन से अधिक बुखार आना, भूख नहीं लगना, रोगी में खून की कमी, रोगी का वजन घटना, रोगी की त्वचा का रंग काला होना आदि कालाजार के लक्षण हो सकते हैं। वहीं इसका सबसे मुख्य लक्षण त्वचा पर धब्बा बनना है। यदि किसी व्यक्ति में उपयुक्त लक्षण पाएं, तो उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जांच के लिए भेजें। पीएचसी में कालाजार की जांच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। संक्रमित मरीज मिलने पर उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया जाता है।

**मरीजों के अलावा सूचक को भी दी जाती है प्रोत्साहन राशि :** कालाजार से पीड़ित मरीज को 7100 रुपये श्रम क्षतिपूर्ति राशि दी जाती है। वहीं, प्रशिक्षित आशा के द्वारा मरीजों को चिह्नित करने, पीएचसी तक लाने तथा मरीज का ख्याल रखने पर प्रति मरीज 600 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह राशि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की तरफ से दी जाती है। इसमें मरीजों के लिए 6600 रुपये और आशा के लिए 100 रुपये की राशि मुख्यमंत्री कालाजार राहत अभियान के अंतर्गत दी जाती है। वहीं प्रति मरीज एवं आशा को 500 रुपये भारत सरकार की तरफ से दिया जाता है। वहीं, ग्रामीण चिकित्सकों द्वारा पीएचसी भेजे गए मरीजों में यदि कालाजार बुखार की रिपोर्ट पॉजिटिव आता है, तो उन्हें भी 500 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

## सरस्वती पूजा के दिन विवाद में दरवाजे पर बैठे शिक्षक के साथ की गयी थी मारपीट

# गांव में बढ़ा तनाव: एक माह पूर्व मारपीट में जख्मी मिडिल स्कूल के हेडमास्टर की मौत

- बीती रात अचानक बिगड़ी तबीयत, अस्पताल ले जाने के दौरान तोड़ा दम
- एसडीपीओ बोले: पूर्व में दर्ज हुआ था केस, अबतक चार आरोपित भेजे जा चुके जेल

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के तरारी थाना क्षेत्र के जेठवार गांव में मारपीट में जख्मी शिक्षक की एक माह बाद मौत हो गयी। सरस्वती पूजा के दिन मारपीट में उन्हें गंभीर चोट लगी थी। एम्स द्वारा डिस्चार्ज किये जाने के बाद रविवार की रात उनकी फिर से तबीयत बिगड़ गयी। उसके बाद इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृत शिक्षक जेठवार गांव निवासी स्व. नगीना राम के 58 वर्षीय पुत्र श्रीराम राम थे। वह तरारी प्रखंड के ही कुसम्ही मध्य विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक थे। मौत की सूचना मिलने पर टाउन थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और उनके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि सरस्वती पूजा के दिन आपसी विवाद में मारपीट में शिक्षक को चोट लगी थी। सोमवार की सुबह उनकी मौत की सूचना मिली। मारपीट के बाद ही नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। उस मामले में अबतक चार आरोपितों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। अन्य आरोपितों की धरपकड़ को छापेमारी की जा रही है। इधर, मौत के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। उनके परिवार में पत्नी शिवकुमारी देवी, पुत्री गीता देवी, सरिता देवी, सुनीता कुमारी, सविता कुमारी और एक पुत्र मनीष कुमार है।

### अश्लील गीत बजाने को लेकर हुए विवाद में हुई थी मारपीट



बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट के जिला संयुक्त सचिव अरविंद कुमार ने बताया कि पिछले 26 जनवरी की शाम उनके रिश्तेदार श्रीराम राम अपने दरवाजे पर बैठे थे। वहां सरस्वती पूजा का मूर्ति स्थापित की गयी थी। पूजा के दौरान गांव के ही कुछ लड़के अश्लील गाना बजा रहे थेऔर गाली-गलौज भी कर रहे थे। उस पर उनके द्वारा अश्लील गीत बजाने का विरोध किया गया। उसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई थी। उसके बाद उक्त युवकों द्वारा लाठी-डंडों व रॉड से उनकी जमकर पिटाई कर दी गयी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका पटना एम्स में इलाज कराया कराया जा रहा था।मारपीट के दौरान उनके सिर में काफी गंभीर चोट आयी थी। उसके कारण उनके सिर में ब्लड जम गया था। उसका ऑपरेशन भी कराया गया। इसके बाद 19 फरवरी को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। इसके बाद परिजन उन्हें वापस गांव ले आये। इसी बीच रविवार की रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गयी। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। तभी उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

## एक नजर

### नौजवानों को दृढ़ संकल्प होने का आह्वान किया



**जहानाबाद।** ओबीसी छात्रावास में गैर समझौता वादी धारा के महान क्रांतिकारी योद्धा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस मयार्दा पूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से किया गया। तत्पश्चात सभा का आयोजन किया गया। सभा को शिव चंद्र सहाय एवं छात्रों द्वारा संबोधित किया गया। एआईडीएसओ के जिला सचिव राजू कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर आजाद का जो सपना वैज्ञानिक समाजवाद बनाने का था जो पूंजीवाद विरोधी समाजवादी क्रांति से संभव है वह आज ही अधूरा है। उसे पूरा करने के लिए छात्र नौजवानों को दृढ़ संकल्प होने का आह्वान किया। साथ ही साथ आज जो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिलाओं छात्राओं पर बढ़ते अपराध जैसे समस्याओं को लेकर जन आंदोलन छात्र आंदोलन संगठित करने का आह्वान किए। शिक्षा विरोधी नीति एनईपी नीतियों के खिलाफ में छात्रों को एकजुट होने का आह्वान किया। जैसे क्रांतिकारियों विभिन्न देश के समस्याओं को लेकर क्रांतिकारी लोगों ने संघर्ष चला कर देश और दुनिया के लिए सोचे आज के वर्तमान परिवेश में हम लोग को उन लोगों से प्रेरणा लेकर संघर्ष चलाने का उन्होंने आह्वान किए। इस कार्यक्रम में मनोहर कुमार, अजय कुमार, सूरज कुमार, जयराम कुमार, सोनू कुमार समस्त छात्र नौजवानों ने भाग लिया।

### निबंधित मजदूरों को नहीं मिली पोशाक की राशि




**जहानाबाद।** केंद्रीय संयुक्त ट्रेड यूनियन के जिला संयोजक सुरेंद्र मिस्त्री के नेतृत्व में 16 सूत्री मांगों को लेकर निर्माण मजदूरों का उटा स्टेशन से विशाल प्रदर्शन किया गया। जो अरवल मोड़ होते हुए अंबेडकर चौक श्रम कार्यलाय के समझ प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गया। जहां सुरेंद्र मिस्त्री ने कहा कि 2020 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बोला था कि 2018 से निबंधित मजदूरों को पोशाक की राशि 2500 रुपए दी जाएगी। लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी मजदूरों को पोशाक राशि नहीं मिली है। वहीं, आठ साल बाद भी निर्माण मजदूरों का मकान मरम्मत, औजार व साइकिल का अनुदान राशि 39 हजार रुपए नहीं मिली। चार श्रम कोड रद्द लाकर मोदी जी ने गरीबों, मजदूरों की जिंदगी संकट में डाल दिया है। यह 4 श्रम कोड मजदूरों व गरीबों को गुलाम बनाने वाली कानून है। इसके तहत काम के घंटे को बढ़ा दिया है और मजदूरी को घटा दिया गया है। साथ ही मजदूरों के अधिकार को छीन ली गई है। यह मालिक पक्षीय कानून है। काले कानून के तहत सरकार चार श्रम कोड को मजदूरों पर थोप दिया गया है। यह गुलामी के कोड है इस मजदूर विरोधी गुलामी कोड को बड़े आंदोलन के द्वारा ही तोड़ा जा सकता है।

### मुखिया का देवर शराब के साथ गिरफ्तार



**जहानाबाद।** होली पर्व के पहले टेहटा ओपी की पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रविवार की रात पूर्वी सरेन पंचायत के मुखिया के अपना देवर को चार कार्टन अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही, टेम्पो ड्राइवर को भी हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार लोगों में मुखिया के देवर राहुल कुमार व टेम्पो ड्राइवर गौतम कुमार शामिल है। ओपी प्रभारी धीरज कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि रविवार की रात एक टेम्पो से शराब लाई जा रही थी। शंका होने पर टेम्पो को रोककर तलाशी ली गई तो चार कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने टेम्पो पर सवार दो लोगों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दोनों ने अपना नाम क्रमशः राहुल कुमार और गौतम कुमार बताया। राहुल कुमार टेहटा का रहने वाला है। जबकि गौतम कुमार घोषी थाना क्षेत्र के मिल्की गांव का है। जब्त शराब इम्पीरियल ब्लू कंपनी की बताई जाती है। ओपी प्रभारी ने बताया कि जब्त शराब में 375 एमएल की 72 बोतल और 750 एमएल की 12 बोतल शराब है। पूछताछ के बाद दोनों के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया। इधर, शराब के साथ मुखिया के देवर की गिरफ्तारी को लेकर पूरे पंचायत में चचाओं का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि गलत काम का नतीजा गलत ही होता है। एक न एक दिन गलत काम का भंडाफोड़ होना ही था। लोगों का कहना है कि मुखिया का परिवार कई सालों से शराब के धंधे में लिप्त रहा है। यह बात दीगर है कि वह अब तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा था। लोगों का कहना है कि घर में मुखिया बनने के बाद मुखिया का दोनों देवर सीना तानकर पूरे पंचायत में शराब बेच रहा था। इस काम में कई माफिया भी सक्रिय हैं, जिनकी लाखों की पूंजी इस धंधे में लगी है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर के कुचलने से मां के पीछे जा रही बच्ची की मौत

- हादसे के बाद ट्रैक्टर छोड़ कर भागा चालक, पुलिस ने किया जब्त

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाजार पर सोमवार की दोपहर बेलगाम ट्रैक्टर ने एक बच्ची को रौंद दिया। उसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत मौत हो गयी। मृत बच्ची तरारी थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी श्री चौधरी की पांच वर्षीया पुत्री रुचि कुमारी थी। वह मां के साथ एक शादी में जा रही थी। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गया। सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रैक्टर जब्त कर लिया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।



बच्ची के ममेरे भाई अनिल कुमार ने बताया कि रुचि अपनी मां सीता देवी के साथ अपनी बहन सरिता के ननद के शादी में भाग लेने ऑटो से अरवल के शेरपुर गांव जा रही थी। उस क्रम में उसकी मां फतेहपुर बाजार में अपने एक रिश्तेदार से मिलने के लिए ऑटो से उतरी गयी। मां को उतरता देख रुचि भी ऑटो से उतरकर मां के पीछे जाने लगी। उसी दौरान पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। बच्ची अपने तीन बहन और एक भाई में सबसे छोटी थी। उसके परिवार में मां सीता देवी बहन सरिता देवी, शिवानी कुमारी और भाई रोहित कुमार है। घटना के बाद उषके घर में कोहराम मच गया है।

## जिले में पुलिस जवानों ने किया 42 यूनिट रक्तदान

**जहानाबाद।** बिहार पुलिस दिवस सप्ताह 2023 के अंतिम दिन सोमवार को जहानाबाद पुलिस के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस तरह के कार्यक्रम सूबे के सभी जिलों में आयोजित किये गए थे। जिनमें कुल 2624 यूनिट रक्तदान हुआ। जिले में रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन के द्वारा किया गया। बिहार पुलिस दिवस रक्तदान शिविर में महिला पुरुष पुलिस जवानों के द्वारा कुल 42 यूनिट रक्तदान किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा भविष्य में लोगों को रक्त की जरूरत पड़ती है उस समय लोगों को समय पर ब्लड मिल सके और लोगों की जान बचाई जा सके। इसी मुहिम को लेकर यह कार्यक्रम रखा गया। एएसपी हरिशंकर कुमार ने कहा कि पुलिस आम जनों के सेवा हेतु सदैव तत्पर रहती है। इस शिविर का भी यही मकसद था।

## भोजपुर में पूर्व की दुश्मनी में बदमाशों ने सेंट्रिंग मिस्त्री को मारी गोली, हालत गंभीर

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के आयर थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव में सोमवार की सुबह एक सेंटिंग मिस्त्री को गोली मार दी गयी। शौच करने घर से निकले मिस्त्री को बाइक सवार बदमाश द्वारा ताबड़तोड़ दो गोलियां दाग दी गयी। उसमें एक गोली पेट जबकि दूसरी दाहिने हाथ में है। इसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आरा के निजी अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया। जख्मी युवक श्रीनगर गांव निवासी रामबाबू सिंह का बेटा सोनू है। मामले में पूर्व के विवाद में गोली मारने की बात कही जा रही है। जिसमें गांव के ही एक युवक पर गोली मारने का आरोप लगाया जा रहा है।



घटना की सूचना पर आयर थाना इंचार्ज मनोज कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए हैं। जख्मी मिस्त्री के पिता रामबाबू सिंह ने बताया कि एक महीना पूर्व गांव के ही करिया सिंह नामक व्यक्ति से मामूली विवाद हुआ था। हालांकि तब बात खत्म हो गई थी। इस बीच सोमवार की सुबह उनका पुत्र सोनू सिंह शौच करने के लिए जा रहा था। वह श्रीनगर गांव स्थित पुल के समीप पहुंचा, तभी करिया सिंह बाइक से आया और उनके बेटे को ताबड़तोड़ दो गोली मारी और भाग निकला। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। इधर, इलाज कर रहे डॉ. विकास सिंह ने बताया कि युवक गोली से जख्मी हालात में आया है। उसे एक गोली दाहिने हाथ और एक गोली पेट के बीचो-बीच लगी है। उसकी की स्थिति काफी खराब है। काफी खून निकल चुका है। ऑपरेशन के बाद ही बताया जा सकता है कि मरीज की हालत कैसी है।

## जेल-पुलिस लाइन और छात्रावास में विशेष अभियान चलाकर खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा

# छूटे हुए लोगों को दवा खिलाने के लिए दोबारा विजिट करेगी टीम

- ईंट भट्ठों, मलिन बस्तियों में टीम भेजकर दवा सेवन सुनिश्चित की जाएगी

**केटी न्यूज/छपरा**

फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग गंभीर है। इसको लेकर जिले में अभियान चलाया जा रहा है। सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जा रही है। इस अभियान की मॉनिटरिंग राज्य और जिला स्तर पर की जा रही है।



मॉनिटरिंग के दौरान यह पाया गया है कि अभी भी ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां पर टीम को जाना था लेकिन किन्ही कारणों से उस जगह पर टीम नहीं पहुंच पाई है। ऐसे क्षेत्रों की लिस्ट के साथ एक पत्र जारी किया गया है। अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी फाइलेरिया के द्वारा सभी जिले के सिविल सर्जन तथा एसीएमओ को पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र के माध्यम से निर्देश दिया गया गया है कि विभिन्न क्षेत्रों जैसे आवासीय विद्यालय व छात्रावास, जेल, पुलिस लाइन, रिजर्व आवासीय क्षेत्र, एनसीसी या मिलिट्री का क्षेत्र, विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों, जिला अस्पताल, प्रखंड उप केंद्रों, ईट भट्ठों, मलिन बस्तियों एवं समस्त सरकारी, अर्द्ध सरकारी, प्राइवेट कार्यालयों में टीम को भेजकर दवा सेवन सुनिश्चित कराएं।

**दो मार्च तक मॉप अप राउंड चलाने का निर्देश :** पत्र के माध्यम से निर्देश दिया गया है कि प्रारंभ से ही इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान ऐसे बहुत से घर मिलेंगे जिसमें शायद उस वक्त घर में कोई नहीं हो या फिर कतिपय कारणों से दवा का सेवन नहीं कर पाए हो। निर्देश दिया गया है कि सभी टीम अपने क्षेत्रों में छूटे हुए घरों में दोबारा विजिट कर दवा का सेवन कराना सुनिश्चित करेंगे। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने भी पत्र जारी कर आगामी दो मार्च तक मॉप अप राउंड चलाने का निर्देश दिया गया है।

**इन्हें नहीं खिलाई जाएगी दवा :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, एक सप्ताह पूर्व मां बनी महिलाओं व गंभीर रूप से बीमार लोगों को दवा नहीं खिलाई जाएगी। इनको छोड़कर अन्य लोगों को उनके उम्र के अनुसार दवा खिलानी है। इसके लिए लाभुकों के उम्र और लंबाई के अनुसार दवाइयां दी जा रही है। पूर्व की भांति ही छूटे हुए लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी व अल्बेंडाजोल की गोली स्वास्थ्य कर्मियों के सामने खिलाई जाएगी।

# मानसिन पट्टी में पीडीएस दुकानदार ने युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**केटी न्यूज/बक्सर**

- पांच घंटे के अंदर औद्योगिक थाना क्षेत्र में हुई गोलीबारी की दूसरी घटना, एक जख्मी, दो नामजद

रविवार की देर शाम औद्योगिक थाना क्षेत्र के बड़का गांव मानसिन पट्टी गांव में दो युवकों ने मिलकर एक युवक को गोली मार दी। मामला पीडीएस दुकान के विवाद से जुड़ा है। आरोपियों में एक पीडीएस दुकान का संचालक है जबकि जख्मी मनजी पासवान उसका उपभोक्ता है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को पीडीएस दुकान को ले मनजी का विवाद पीडीएस होल्डर उमेश मिश्र के साथ हो गया था। देर शाम उमेश ने अपने एक अन्य सहयोगियों नीलू मिश्र के साथ मिल मनजी को उस वक्त गोली मार दी जब वह स्थानीय गांव के बाजार से अपने घर जा रहा था। गोली पिस्टल से चलाई गई है जो उसके कमर के पास फंस गई है। संवाद संप्रेषण तक बक्सर के एक निजी अस्पताल में चिंताजनक स्थिति में उसका इलाज चल रहा है।

डॉक्टरों ने बताया कि उसके कमर के पास गोली फंस गई है। जिसे आपरेशन कर निकालने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना के बाद गांव में गुटीय तनाव व्याप्त है। इस



घटना के बाद लोग यह कह रहे है कि जिले में अपराधी बेलगाम हो गए है। रविवार को पांच घंटे के अंतराल में औद्योगिक थाना क्षेत्र में ही हुई गोलीबारी की दो घटनाएं इस बात की प्रमाण है। बता दें कि इसके पहले दोपहर करीब ढाई बजे इसी थाना क्षेत्र के सारिमपुर बांध के पास सार्वजनिक रास्ते के विवाद में एक पक्ष द्वारा हवाई फायरिंग की गई थी। दोनों घटनाएं महज पांच घंटे में घटी है। जिससे अपराधियों के आतंक का अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना के 24 घंटे बाद भी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है।

### बोले प्रभारी एसपी

इस संबंध में बक्सर के प्रभारी एसपी दीपक वर्णवाल ने कहा कि मामले की जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ गोरख राम को घटना स्थल पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है। अपराधियों को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नाच देखने के दौरान भिड़े दो पक्ष, दो जख्मी

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में रविवार की रात आई एक बारात में नाच के दौरान दो पक्ष भिड़ गए। इस दौरान जमकर मारपीट की घटनाक हुई। मारपीट में दो युवक जख्मी हो गए है।

बताया जाता है कि कोरानसराय के संजीत महतो पिता स्व ब्यासमुनी महतो की बहन की शादी रविवार को संपन्न हो रही थी। बारात रोहतास के कवई से आई थी। बारात में नाच भी आया था। स्थानीय गांव के कुछ युवक नाच देखने के दौरान नर्तकियों के छेड़छाड़ व अभद्रता करने लगे। जिसका विरोध लड़की वाले के घर के कुछ युवक किए। इसी से नाराज दूसरे पक्ष ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की इस घटना में कोरानसराय के भोला महतो और बेचन महतो जख्मी हो गए है। बाद में अन्य परिजनों के आने के बाद आरोपी भाग खड़े हुए। इसके बाद जख्मियों का इलाज डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। इस मामले में जख्मियों ने गांव के ही छह युवकों के खिलाफ स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दी है। कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आवेदन मिला है। उसकी जांच की जा रही है।

## खबरें फटाफट

### अगलगी में जला झोपड़ीनुमा घर

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में सोमवार को दोपहर अचानक एक झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। जब तक आसपास के घरों के लोग कुछ समझ पाते तथा आग पर काबू पाने का प्रयास करते तबतक पूरी झोपड़ी धूं-धूं कर जलने लगी थी। आगलगी की इस घटना में झोपड़ी में रखे खाट, बिछावन, अनाज समेत हजारों रुपए के सामान जलकर राख हो गए है। ग्रामीणों ने बताया कि यह झोपड़ी विधवा रामकेशरी देवी की है। पीड़िता काफी गरीब है तथा इस घटना के बाद वह पूरी तरह से सामाजिक आसरे की मुंहताज हो गई है। हालांकि, घटना के बाद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और मदद का भरोसा दिया।

### घर में घुसकर चोरों ने उड़ाये गहने, केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पीड़िया गांव में रविवार की रात घर में घुसकर चोरों ने सोने व चांदी के गहनों की चोरी कर ली है। सुबह में जब परिजनों की नींद खुली तथा घर के सामानों को अस्त व्यस्त पाया तो उन्हें चोरी की बात समझ में आई। इसके बाद परिजनों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। इस मामले में पीड़िया गांव निवासी पीड़ित श्रीभगवान सिंह ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर चोरों की शिनाख्त करने में जुट गयी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि रात्रि पहर घर के दरवाजे पर सोया था। सुबह में बेटे के कमरे से बक्शा चोरी किये जाने की बात की जानकारी मिली। काफी खोजबीन के बाद गेंहू के खेत मे खाली पड़ा बक्शा मिला, जिसमें से सोने की अंगूठी, सोने का लॉकेट, चांदी का पायल और कीमती साड़ियां गायब थी, जिसकी कीमत एक लाख रूपए से अधिक है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

### बक्सर के चौसा में आंदोलनरत किसानों को समर्थन देने पहुंचे भारतीय किसान संघ के नेता

# बिहार में मंडी कानून को लागू करने के लिए चलेगा आंदोलन : राकेश टिकैत

**केटी न्यूज/चौसा**

बिहार क्रांतिकारियों और आंदोलनकारियों की धरती रही है। यहां से जितने भी आंदोलन शुरू किए वह इतिहास बदलने में सफल रहा है। चौसा की धरती से शुरू हुआ किसानों का आंदोलन पूरे देश का आंदोलन बनेगा। उक्त बातें देश के चर्चित किसान नेता राकेश टिकैत ने सोमवार को चौसा में कही। वे थर्मल पॉवर द्वारा किसानों की जमीन को औने पौने दामों पर अधिग्रहण के खिलाफ स्थानीय किसानों द्वारा किए जा रहे आंदोलन के समर्थन में आए थे। उन्होंने कहा कि किसानों का आंदोलन व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्हें उनकी जमीन की पूरी कीमत मिलेगी। उन्होंने शासन प्रशासन को आगाह किया कि समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान करें नहीं तो देशभर के किसान इस आंदोलन में शामिल होंगे। किसान नेता ने कहा कि यहां के किसानों ने अपने हक के लिए जो जीवटता दिखाई है उसका मैसेज पूरे देश में गया है तथा दूसरे प्रदेशों के किसानों में भी आक्रोश है।

राकेश टिकैत ने कहा कि बिहार में नेशनल हाईवे तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों के स्थापना के नाम पर बड़े







- किसानों को हक दिलवाने तक साथ खड़ा रहूंगा
- बिहार में किसान आंदोलन को धार देने के लिए खड़ा किया जाएगा गैर राजनीतिक संगठन

पैमाने पर किसानों की उर्वर जमीन को औने पौने दामों में हड़पा जा रहा है। उद्योगपतियों के साथ मिल राज्य और केन्द्र सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है। उनकी हकमारी कर रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन से ही उग्र आंदोलन खड़ा किया जाएगा। जिसमें देशभर के किसान शामिल होंगे। इस दौरान वहां उपस्थित हजारों किसान करतल ध्वनियों से उनकी हौसला अफजाई कर रहे थे। किसान नेता ने कहा कि ट्रैक्टर किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण साधन है। लेकिन राज्य सरकार द्वारा इसे कमर्शियल कर किसानों का दोहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टैज्क्टर का चलान नहीं कटना चाहिए। सभा के दौरान हजारों की संख्या में किसान मौजूद थे। बता दें कि 132 केवीए के थर्मल पॉवर प्लांट द्वारा रेलवे टैज्क तथा पेयजल सप्लाई के लिए स्थानीय किसानों की जमीन अधिगृहित की गई है। लेकिन किसान उचित मुआबजा नहीं देने आ आरोप लगा पिछले तीन महीने से आंदोलन कर रहे है।

**किसानों को हक दिलाने के लिए बनेगा गैर राजनीतिक संगठन** : किसान नेता ने कहां कि यहां की धरती उर्वर है तथा किसान भी काफी मेहतनी है। लेकिन राज्य व केन्द्र सरकारें उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उनकी जमीन को जबरन अधिगृहित किया जा रहा है और उसका उचित मुआबजा भी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चौसा में पिछले चार तीन महीने से अधिक समय से किसान अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे है। लेकिन प्रशासन और राज्य सरकार उनकी बातों को अनसूना कर कंपनी का साथ दे रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए बिहार में गैर राजनीतिक संगठन खड़ा किया जाएगा। इसमें पूरे देश के किसान शामिल होंगे।

### बिहार में सबसे पहले मंडी कानून ध्वस्त हुआ था

उन्होंने कहा कि बिहार में सबसे पहले मंडी कानून ध्वस्त हुआ था। जिस कारण आज किसान अपनी फसल को औने पौने दामों पर बेचने को मजबूर हो रहे है। उन्होंने किसानों को ललकारते हुए कहा कि या तो आप अपनी फसलें मंडियों में बेचे या जिले के कलक्टर आवास पर। टिकैत ने कहा कि बिहार में चौपट हो चुकी मंडी व्यवस्था को लागू करने के लिए बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

## एक नजर

### प्रशिक्षु जीएनएम को दिया गया प्रशिक्षण



**बक्सर।** जिला मुख्यालय स्थित जीएनएम प्रशिक्षण संस्थान के द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षु छात्राओं को सामुदायिक प्रशिक्षण हेतु चौसा पीएससी, आंगनबाड़ी सेंटर के साथ ही सिलाई प्रशिक्षण केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालयों का भ्रमण सोमवार को कराया गया। इस प्रशिक्षण तथा परिभ्रमण के आयोजन से प्रशिक्षु छात्राओं में उत्साह कायम था। इस दौरान उन्हें आवश्यक कार्यों के बारे में सुगमता पूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें सामुदायिक प्रशिक्षण के तहत विभिन्न प्रकार के वातावरण एवं कार्य स्थलों के बारे में अवगत कराया गया। चौसा प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में सभी प्रशिक्षु छात्राओं को स्टाफ नर्स, डॉक्टर, लैब टेक्नीशियन, एंबुलेंस कार्यकर्ता, महिला हेल्थ वर्कर एवं सभी स्टाफ से रूबरू कराया गया। इसके साथ ही लेबर रूम तथा नवजात शिशु कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई। उन्हें बताया गया कि प्रसव कराने के दौरान क्या क्या सावधानियां बरतनी है तथा नवजातों की देखभाल कैसे होता है। के बारे में जानकारी दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में होने वाली सुविधाएं जैसे मेडिसिन, एक्स-रे और लाभ के बारे में बताया गया। इसके अलावे अन्य सेवाओं के तहत फैमिली प्लानिंग के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व जीएनएम प्रशिक्षण संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता मोहम्मद आफताब आलम ने किया।

### स्कूली बच्चों को दी गई जल संचयन की जानकारी

**चौगाई।** कैच द रेन कार्यक्रम के तहत प्रखंड कैंपस चौगाई में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिक कुमार के नेतृत्व में वर्षा जल संचयन पर नुक्कड़ नाटक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र, बक्सर एवं नेहरू विकास






समिति, डुमरांव के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। चौगाई प्रखंड कार्यालय परिसर में हुए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को वर्षा जल के संचय करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें वर्षा जल को हम कैसे संचित करेंगे इस पर लोगों को रोचक तरीके से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ संजय कुमार सिंह पूर्व एनवाईसी सह भूगोल व्याख्याता, इंटर कॉलेज, डुमरांव के द्वारा किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतीक कुमार ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र द्वारा कराना सराहनीय है। उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी एवं वर्षा जल संचयन पर कलाकारों से रूबरू हुए। वही डॉ संजय सिंह ने कहा कि वर्षा जल का संचयन करना अति आवश्यक है नहीं तो हमें शुद्ध जल के लिए संकटों का सामना करना पड़ेगा। नवरंग कला मंच के अध्यक्ष विमलेश सिंह ने बीडीओ को सहयोग के लिए आभार जताया। मौके पर प्रदुमन कुमार, दीपक कुमार, नवीन गुप्ता, पवन यादव, विपुल कुमार, रोहित कुमार, मरियम खातून, आशीष कुमार, विमलेश कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, प्रवीण कुमार गोस्वामी, सहित अनेकों लोग मौके पर मौजूद रहे तथा कलाकारों को तालियां बजाकर उनको प्रोत्साहित किए।

### उप प्रमुख को बनाया प्रमुख, सदस्य को उप प्रमुख

**चौगाई।** सरकारी दफ्तरों के कर्मियों की लापरवाही का खामियाजा अक्सर भोले भाले लोगों को भुगतना पड़ता है। कर्मी पेन मिस्टेक कह अपनी गलती पर पर्दा डालते रहते है। लेकिन चौगाई प्रखंड कार्यालय की एक गलती न सिर्फ चर्चा का विषय बन



पंचायत समिति सदस्यों का मानदेय

| S.NO | Name | Designation | Panchayat |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | RAHUL KUMAR | प्रमुख | चौगाई |
| 2 | SHRI NIWAS YADAV | उप प्रमुख | मुरार |
| 3 | RISHIKANT SINGH | पं०स०सदस्य | चौगाई |
| 4 | GITA DEVI | पं०स०सदस्य | मुरार |
| 5 | MANSA DEVI | पं०स०सदस्य | [illegible] |
| 6 | ASHOK THAKUR | पं०स०सदस्य | [illegible] |
| 7 | ANAM KUMAR PASWAN | पं०स०सदस्य | [illegible] |
| | | TOTAL | |

गई है बल्कि निर्वाचन आयोग को भी चुनौती दे रही है। मामला पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय भुगतान वाले विपत्र की त्रुटि से जुड़ा है। इस बार प्रखंड कार्यालय द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय भुगतान के लिए जो विपत्र बनाकर जिला परिषद में भेजा गया है उसमें प्रमुख के जगह उप प्रमुख का नाम अंकित कर दिया गया है। जबकि एक बीडीसी को उप प्रमुख बना दिया गया है। ताज्जूब कि जिला परिषद द्वारा भी इस सूची में सुधार नहीं करवाया गया अलबत्ता मानदेय का भुगतान कर दिया गया है। इस सूची के सार्वजनिक होते ही पंचायत प्रतिनिधियों तथा आम आवाम में चचाएं तेज हो गई है। बता दें कि इस सूची में चौगाईं प्रखंड प्रमुख ऋषिकांत सिंह के जगह पर उप प्रमुख राहुल मेहता को मानदेय भत्ता दिया गया है। और मुरार पंचायत के दक्षिणी बीडीसी श्रीनिवास यादव को उप प्रमुख का मानदेय भत्ता दिया गया है। कर्मियों की हुई इतनी बड़ी लापरवाही पर प्रखंड के जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। जनप्रतिनिधि कर्मियों की कार्यकुशलता पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। हालांकि प्रखंड प्रमुख ऋषि कांत सिंह ने बताया कि कर्मियों द्वारा की गई इस लापरवाही को जैसे तैसे मानदेय भत्ता अपने अपने खाता में ट्रांसफर कर लिया। प्रमुख ने कहा कि इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारियों से की जाएगी। वही बीडीओ प्रतीक कुमार ने मामले से अनभिज्ञता जताई है।

# जैविक खेती व प्राकृतिक खेती महत्वपूर्ण

**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को कृषि विज्ञान केन्द्र बक्सर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उन्हें जैविक खेती करने की विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। वही डीबीटी के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ हस्तांतरित भी किया गया। उपस्थित किसानों को प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन राजपुर विधायक विश्वनाथ राम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कम लागत में खेती करने तथा अधिक से अधिक मुनाफा कमाने को आज की जरूरत बताते हुए कृषि वैज्ञानिकों से



किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि आज के समय में जैविक खेती व प्राकृतिक खेती महत्वपूर्ण है। केवीके प्रभारी हरिगोविन्द ने किसानों को नवीन तकनीकियों को अपनाने, फसल सघनता बढ़ाने के लिये वर्ष मे दो से अधिक फसलों की खेती करने, कृषि में मशीनों के प्रयोग, फसलों में सूक्ष्म सिंचाई के महत्व के बारे में जानकारी दी। डॉ देवकरण ने फसलों में सूक्ष्म पोषक तत्व के प्रबंधन, फसल चक्र को अपनाकर खेती करने तथा जलवायु में हो रहे परिवर्तन के अनुसार फसलों तथा प्रजातियों के चयन के बारे में जानकारी दी। वहीं, डॉ मान्धाता सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाकर खेती में लागत खर्च कम करने तथा मृदा के स्वस्थ्य में सुधार करने के बारे में जानकारी दी। मौके पर मनोरंजन पाण्डेय, मनोज सिंह, विनोद सिंह, चितरंजन तिवारी, राम प्रवेश दुबे, प्रभुनाथ तिवारी, गीता देवी, मनोरमा देवी, जानकी देवी, पुष्प देवी सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

# अपने प्रिय शिक्षक के निधन की खबर मिलते ही छात्रों में दौड़ी शोक की लहर

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के दसियांव गांव निवासी 53 वर्षीय शिक्षक अखिलेश कुमार द्विवेदी के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओझा बरांव में प्रखंड शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। उनके निधन की खबर मिलते ही सोमवार को विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं शामिल रहे। इस दौरान उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रह कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। परिजनों ने बताया कि रविवार को उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। जिसके बाद इलाज के लिए बक्सर ले जाने के दौरान उनका निधन हो गया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओझा बरांव परिसर में आयोजित शोक सभा प्रधानाध्यापक धीरज कुमार के नेतृत्व में किया गया था।



इस दौरान शिक्षक उपेन्द्र कुमार पांडेय, विजय प्रता सिंह, ओमप्रकाश सिंह, शशिभूषण सिंह, हरिद्वार राम, संजीव कुमार सिंह, रूपेश चंद्र ओझा, किरण कुमारी, बिनोद कुमार, एमडी नसीर, परमेश्वरी ओझा समेत सभी शिक्षक मौजूद थे। अपने प्रिय शिक्षक के निधन की खबर मिलते ही छात्रों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पैतृक गांव व प्रखंड मुख्यायल पर भी शोक सभा का आयोजन किया गया।

### कलश यात्रा व पंचांग पूजन के साथ कोरानसराय में शुरू हुआ सात दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

# कलशयात्रा में आकर्षण का केंद्र बनी देवी-देवताओं की झांकी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- जलभरी में हाथी घोड़े के साथ शामिल हुए आसपास के गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु

कोरानसराय के राधेकीर्तन ब्रह्म बाबा मंदिर परिसर में श्री 108 विराट श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरूआत सोमवार को भव्य के साथ हुई। महायज्ञ स्थल से हाथी घोड़े तथा गाजे बाजे के साथ निकला यह कलश यात्रा विभिन्न मार्गों का परिभ्रमण करते हुए पवित्र सरोवर पहुंचा जहां से कलश में जलभर श्रद्धालु महिला व पुरूष पुनः महायज्ञ स्थल पहुंचे। इसके बाद पंचांग पूजन किया गया। कलशयात्रा में गाजे-बाजे व श्रद्धालुओं के अलावे विभिन्न धर्म स्थलों से पहुंचे साधु-संत शामिल हुए। सोमवार की शाम से साधु-संतों की श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा होगी। सात दिवसीय महायज्ञ को लेकर यज्ञ स्थल से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भव्य कलशयात्रा निकली तो जगह-जगह ग्रामीणों ने अपने छतों से पुष्प वर्षा कर कलशयात्रा का स्वागत किया। भक्ति जयकारों से पूरा इलाका गुंजयमान बना रहा। सात दिवसीय महायज्ञ के आयोजन में संतों और दूर-दूर से आने वाले अतिथियों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था



कलाशयात्रा में शामिल श्रद्धालु

की गयी है। इस यात्रा में सैकड़ो छोटे-बड़े वाहन शामिल थे। जयकरों के साथ कलशयात्रा कोरानसराय के विभिन्न सड़कों का परिभ्रमण कर यज्ञ स्थल पहुंचा। धूप में भी महिला और पुरुष श्रद्धालु श्रद्धा-भक्ति के साथ भ्रमण करते रहे। इस यात्रा में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान सहित कई देवी-देवताओं की झांकियों की प्रस्तुति की गयी थी, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना था। कोरानसराय के पवित्र तालाब में जलभरी के साथ श्रद्धालु यज्ञ स्थल पहुंचे और संत सम्मेलन व पंचाग पूजन में विधि-विधान के साथ शामिल हुए। महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष महंत दीपक तिवारी जी महाराज ने बताया कि श्री धाम नैमिष्यारण्य लखनऊ से सुप्रसिद्ध कथावाचिका देवी राधिका प्रियंवदा जी, आचार्य पवन द्विवेदी जी महाराज, वैदिक पंडित आचार्य आदित्य तिवारी जी महाराज, आचार्य धनु ओझा जी महाराज, शास्त्री अमरजीत ओझा जी महाराज, शास्त्री महेश तिवारी जी महाराज सहित दर्जनों संतों की टोली इस महायज्ञ में शामिल हुए है। इनके अलावे कई राज्यों से भी साधु-संतों का आगमन होगा। महायज्ञ के साथ वैदिक ब्राह्मणों की उपस्थिति में वैदिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। 27 फरवरी से शुरू होने वाले इस महायज्ञ का समापन 5 मार्च को पूणार्हूति के साथ होगा। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। महायज्ञ के आयोजन से गांव का माहौल भक्तिमय बन गया है। वैदिक मंत्रोच्चार तथा हवन से महौल शुद्ध हो रहा है।

## बलिया के चितबड़ागांव में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का किया शिलान्यास

# 2024 तक यूपी की सड़कें अमेरिका जैसी होंगी: गडकरी

**तिलक कुमार/अखिलानंद तिवारी**
**बलिया/गाजीपुर**

केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को बलिया के चितबड़ागांव पहुंचे। उन्होंने जनपद और आसपास के जिलों के कुल 6500 करोड़ निवेश से सात राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसमें सबसे महत्वपूर्ण ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास रहा। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे 5320 करोड़ रुपये में बनेगा। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे गाजीपुर के जंगीपुर से छपरा के रिविलगंज 117 किमी व भरौली से ऊंचाडीह तक 17 किमी लिंक फोरलेन है। गाजीपुर और बलिया के सीमावर्ती इलाका चितबड़ागांव में आयोजित कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री गड़करी ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के पहले यूपी में सड़कों के नेटवर्क को काफी मजबूत किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की सड़कें अमेरिका की तरह होंगी। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे बन जाने के बाद कई मामलों में पूर्वांचल विकास की नई इबारत लिखेगा। यहां के किसानों के लिए कृषि उत्पाद को बेचना जहां आसान हो जाएगा। वहीं बाढ़ कटान से भी पूर्वांचल खासकर बलिया व गाजीपुर वासियों को निजात मिलेगी। इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे बनने के बाद पटना व आरा की दूरी सिर्फ नाममात्र रह जाएगी। किसान अपने कृषि उत्पाद को लेकर आसानी से दिल्ली तथा कोलकाता के खिदिरपुर डॉग पहुंच जाएंगे और अपनी उपज को विदेशों में आसानी से निर्यात कर सकेंगे।

ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे पूर्वांचल व बिहार के लोगों के बीच कनेक्टिविटी के मद्देनजर लाइफ लाइन साबित होगा। माल्देपुर से कदम चौराहा तक सड़क की चौड़ीकरण हो जाने से बलियावासियों को जाम से झाम से मुक्ति मिलेगी। प्रदेश की राजधानी लखनउ, दिल्ली व कोलकाता जाना एकदम से आसान हो जाएगा। वर्षों से कटान का दंश झेल रहे किसाना भाइयों को कटान से मुक्ति मिलेगी और उनकी उपजाउ भूमि बच जाएगी। समस्त कृषि उत्पादों को दिल्ल, पटना व कोलकाता के बाजारों तक पहुंचाना आसान हो जाएगा। पूर्वांचल की करइल मिट्टी की उपज टमाटर, मिर्ची और अन्य सब्जियां बाहरी बाजारों तक जाने से उचित मूल्य किसानों को मिलने लगेगा।

**सांसद मस्त की मांग को पूरी कर गडकरी हुए गदगद:** ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे का शिलान्यास करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि जब मैं 2019 के लोकसभा चुनाव में बलिया आया था तो वीरेंद्र सिंह मस्त ने ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे की मांग की थी। जिस पर मैंने हल्दी से यह ऐलान किया था कि आप लोग वीरेंद्र सिंह मस्त जी को जीताकर संसद भेजने का काम कीजिए हम हर मांगों को पूरी करेंगे। चुनाव जीतने के बाद वीरेंद्र सिंह मस्त मेरे घर आकर बार–बार ग्रीनफील्ड और अन्य योजनाओं की मांग कर रहे थे। आज मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि मैं आप लोगों से और वीरेंद्र सिंह से किए गए वादों को पूरा कर रहा हूं।







- ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे 5320 करोड़ रुपये में बनेगा
- 6500 करोड़ निवेश से सात राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया
- ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे गाजीपुर के जंगीपुर से छपरा के रिविलगंज 117 किमी व भरौली से ऊंचाडीह तक 17 किमी लिंक फोरलेन है।
- ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बनने के बाद पटना व आरा की दूरी नाममात्र रह जाएगी, किसान अपने कृषि उत्पाद को लेकर आसानी से दिल्ली तथा कोलकाता के खिदिरपुर डॉग पहुंच जाएंगे

### अब सिर्फ एक घंटा 15 मिनट में पहुंचेंगे पटना से बलिया

नितिन गडकरी ने कहा कि मैं कभी झूठ नहीं बोलता हूं। जो वादा कर रहा हूं वो निभाऊंगा। यूपी की अब तस्वीर बदलेगी। विकास हमेशा सड़क से ही होकर जाता है। अभी बलिया से पटना जाने में आपको चार घंटे लगते हैं। ये हाईवे जब बन जाएगा तब आप एक घंटा 15 मिनट में पटना पहुंच जाएंगे। इससे आपका हर काम आसान बन जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की मांग पर फेफना से हल्दी 200 करोड़ से निर्माण कराने की भी घोषणा की। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने कई एक्सप्रेस-वे तथा फोरलेन सड़क की भी घोषणा की जिसमें बनारस, हावड़ा, गोरखपुर आदि क्षेत्रों के रहे। जिले में 13 आरओबी का भी निर्माण कराया जाएगा।

### 2023 तक 14 हजार किमी से अधिक बन जाएगी सड़क

छोटे कस्बे से लेकर महानगरों तक आना जाना पूरी तरह सुगम हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2014 से पहले जहां 7000 किलोमीटर राष्ट्रीय मार्ग बनी थी वर्ष 2023 तक 14 हजार किमी से अधिक सड़क बन जाएगी। कार्यक्रम में हजारों की भीड़ केंद्रीय मंत्री को सुनने के लिए पहुंची थी। 5320 करोड़ की लागत से बनने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से बलिया से लखनऊ, दिल्ली और बिहार जाना आसान हो जाएगा। 2024 तक ये एक्सप्रेस-वे बनकर तैयार हो सकता है। इसकी कुल लंबाई 134 किलोमीटर है। ये एक्सप्रेस-वे गाजीपुर और बलिया जिले से गुजरेगा। गडकरी ने कहा कि यूपी में 2014 से पहले राजमार्ग 70643 किलोमीटर थे। 2014 में हमारी सरकार आने के बाद 2023 तक ये आंकड़ा 13000 किलोमीटर तक पहुंच गया। मेरे विभाग ने 2014 से 2023 तक यूपी में 80 हजार करोड़ रुपए की लागत से 5000 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया है। मैं कभी झूठ नहीं बोलता हूं, जो वादा कर रहा हूं वो निभाऊंगा।

**बिहार के लोगों को लखनऊ आने में होगी आसानी:** ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे गाजीपुर और बलिया जिले को कवर करेगा। उसके बाद बलिया के मांझी घाट पर आकर खत्म हो जाएगा। इस घाट के बाद से बिहार शुरू हो जाता है। ऐसे में बिहार के लोगों को इस एक्सप्रेस के माध्यम से दिल्ली और लखनऊ आने में आसानी होगी। बताया जा रहा है कि पूर्वांचल की हरी-भरी धरती होने के कारण इस एक्सप्रेस-वे को ग्रीनफील्ड नाम दिया गया है। इस एक्सप्रेस-वे पर कई तरह के पेड़ लगाने की बात भी कही जा रही है। गाजीपुर से मांझी घाट तक एक्सप्रेस-वे के निर्माण से बलिया शहर को जाम से निजात मिलेगी। इसके अलावा जिले में विकास भी बढ़ेगा। बलिया में अब सड़कों का जाल बिछाने की तैयारी चल रही है।





## नगर पालिका द्वारा निविदा किए गए कार्य का जायजा लेने पहुंचे पूर्व अध्यक्ष



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नगर पालिका परिषद द्वारा पिछले दिनों किए गए लगभग 95 कार्यों के शिलान्यास में से एक वार्ड नं0 1 के हाथीखाना में हृदयनारायण पटेल के मकान से दिनेश पटेल के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण की निविदा कार्य का जायजा लेने पहुंचे। नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद अग्रवाल मानक के विपरीत कार्य देख भड़क गए एवं उसी स्थान से अधिकारियों को मोबाइल पर सूचना दी।

विनोद अग्रवाल ने बताया कि मौके पर जब इण्टरलाकिंग ईटा व बालू हटाकर देखा गया तो सुकरूत की गिट्टी नहीं मिली। केवल बालू ही डालकर इण्टरलाकिंग ईंटा लगभग 50-60 मीटर बिछा दिया गया था और मौके पर हमलोग नहीं गए होते तो उसी तरह आगे भी बिछा दिया गया होता। इस्टीमेट में लगभग तीन इंच सुकरूत की गिट्टी एक इंच बालू एवं तीन इंच मोटा इण्टरलाकिंग ईट यानि कुल सात इंच की मोटाई जमीन से ऊपर होनी चाहिए, जो कि मौके पर लगभग पांच इंच के आस-पास रही। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि स्वयं आकर कार्य देखें एवं जितना बिछा हुआ इंटरलाकिंग ईटा व बालू है उसको हटवाकर तीन इंच सुकरूत की गिट्टी बिछवाने के बाद ही सड़क का कार्य मानक के अनुसार कराया जाय। वहाँ पर उपस्थित सम्बन्धित कार्यदायी एजेन्सी के लोगों से भी बिना ठीक किए काम न करने की बात कही।

विनोद अग्रवाल ने बताया कि कुछ कार्यदायी एजेन्सी नगर पालिका की छवि को धूमिल करने के लिए गंदी मानसिकता से ऐसा काम कर रहे हैं, जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उप्र की लोकप्रिय योगी सरकार को बदनाम करने की कोशिश को बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है जिनके मकानो/दुकानों के आगे विकास कार्य हो रहे हैं। उसको वह लोग स्वयं भी देखे और यदि खराब काम हो रहा हो तो, उसे रोक देवे एवं अधिकारियों को सूचित करें।

### दो बाइक की भिड़ंत में चार जख्मी

मऊ। सरायलखंसी थाना क्षेत्र के कुसमौर गन्ना मिल के पास दो मोटरसाइकिल की आमने–सामने भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने वाराणसी रेफर कर दिया। बताया जाता है कि सूअराबोझ निवासी शिशु प्रजापति पुत्र राम नारायण प्रजापति और उसका दोस्त शिवम यादव पुत्र अरविंद यादव सोमवार की दोपहर अपनी बाइक से हाई स्कूल की परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। कुसुमौर गन्ना मिल के पास दूसरी ओर से आ रही बाइक के साथ उनकी बाइक आमने–सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## पूर्व विधायक मुख्तार की पत्नी आफशां की तलाश में फाटक पर छापेमारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

चित्रकूट जेल प्रकरण में चित्रकूट पुलिस ने रविवार की शाम को पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की पत्नी आफशां बेगम की तलाश में युसूफपुर स्थित उनके पैतृक आवास फाटक पर छापेमारी कर ली तलाशी।

चित्रकूट पुलिस मऊ सीओ और कोतवाल के नेतृत्व मे स्थानीय पुलिस के साथ शाम साढ़े पांच बजे फाटक में पहुंची और घर की तलाशी ली। उस दौरान पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी आवास पर मौजूद रहे। चित्रकूट पुलिस ने उनसे पूछताछ की। पुलिस के अनुसार चित्रकूट जेल में बंद मऊ सदर के विधायक अब्बास अंसारी से जेल नियमों के विरुद्ध मिलने गई। उनकी पत्नी नखत बानो और उनके ड्राइवर को गिरफ्तार कर अब्बास अंसारी को जेल से भगाने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए मुकदमा कायम किया। उसी की विवेचना में चित्रकूट पुलिस ने उनके पैतृक आवास फाटक पर छापेमारी की। हालांकि इस दौरान आफशां की जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस इसके लिए दबिश बना रही है।

## धर्म और जाति के आधार पर समाज को बांटना चाहती है भाजपा: सनातन पांडेय

**केटी न्यूज/बलिया**



भारतीय जनता पार्टी धर्म व जाति की राजनिति कर समाज को बांटना चाहती है। आपस में लडाना भाजपा की फितरत है। समाज को विघटित करने के लिये तरह तरह के हथकंडे अपना रही है। सपा कभी इनके मंसूबे को कामयाब नही होने देगी। उक्त बातें पूर्व मंत्री व बलिया संसदीय क्षेत्र के सपा प्रभारी सनातन पांडेय ने अपने आवास पर पत्र प्रतिनिधियों से बात करते हुये कही। कहा कि भाजपा संविधान के बिंदुओं पर फोकस न कर सिर्फ हिंदू मुस्लिम की बात कह कर जनता को भ्रमित कर रही है। बेरोजगारी व किसानो को समृद्धि करने वाला भाजपा सरकार का दावा दिवा स्वप्न बन कर रह गया है।

सपा नेता ने कहा कि देश मे अघोषित इमरजेंसी के हालात हैं।विपक्ष को अपनी बात कहने की पाबंदी है। देश में व्याप्त भ्रष्टाचार व सरकार की कमियों को उजागर करने के बजाय कतिपय मिडियाकर्मी सरकार की वाहवाही करने मे जुटे हैं जो देश के स्वस्थ लोकतंत्र के लिये घातक है।सरकार बेरोजगारी,भूखमरी व किसानो की समस्या पर नही बात करती। सरकार के बहस की शुरूआत हिंदू व मुस्लिम को बांटने वाले शब्दो से होती है।संविधान मे वर्णित है कि हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई आपस मे हैं भाई भाई के नारे से सरकार विमुख हो गयी है।

### चालक नियाज के पिता मुन्ना अंसारी व चचेरे भाई नेपाली को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है गाजीपुर पुलिस

# मऊ विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी के चालक के घर छापेमारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मऊ विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निकहत के चालक नियाज अंसारी को पिछले दिनों चित्रकूट पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके पैतृक आवास रेवतीपुर टोला पश्चिम के पैतृक आवास पर देर शाम को करीब पांच बजे हमीरपुर जिले के सीओ घनश्याम सिंह के नेतृत्व में हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट की पुलिस रेवतीपुर पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर रही है। पुलिस ने नियाज के पिता मुन्ना अंसारी व चचेरे भाई नेपाली को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। उसकी एक सफेद कलर की यूपी मेरठ नंम्बर की स्कार्पियों को कब्जे में लेकर छानबीन में जुटी है। उधर इस छापेमारी में पुलिस ने हजारों की नगदी व कुछ कागजात भी कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने मकान को चारों तरफ घेर लिया था। गली मोहल्ले से लेकर सड़क तक पुलिस का पहरा था। छापेमारी करीब ढ़ाई घंटे तक चली। मौके पर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार सहित पूरे सर्किल के थाने रेवतीपुर पहुंची। मालूम हो कि चालक नियाज अंसारी की दो बड़ी बहन सहीना ,गुड़िया की शादी हो चुकी है। नियाज विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी की गाड़ी चलाता है। उसका छोटा भाई रियाज और शाहनवाज गांव पर ही रहते हैं। माता सलीबून निशा अंसारी सभी के खाता पुलिस खंगाल रही है। पुलिस निजाय व उसके परिवार सहित पूरे सगे संम्बधियों का अंसारी परिवार से हर तरह के संम्बध को खंघालने में जुटी है। जब ग्रामीणों की इस छापेमारी की जानकारी हुई तो लोग हक्के -बक्के रह गए,लोगों के अनुसार नियाज के पैतृक आवास साधारण तरीके का है। अंदर टीन शेड का मकान, नियाज का पिता गाँव पर निजी वाहन चालक है।

लोगों ने बताया कि नियाज अपने घर कभी कभार ही आता है, जो परिवार की खुद खर्चा चलाता है। परिवार देखने में पूरी तरह से सामान्य है। पुलिस अधिकारी छापेमारी व छानबीन के बाद ही कुछ बता पाने की बात कह रहे हैं।



- छापेमारी में हजारों रुपए नगदी और कुछ कागजात को पुलिस ने जब्त किया, छानबीन के बारे में पुलिस ने नहीं किया खुलासा